कार्यालय कलेक्टर, जिला–बस्तर, जगदलपुर
(आदिवासी विकास शाखा)

Email:- actd.jdp@gmail.com Phone / Fax No. 07782 - 222520

क्रमांक / आ0वि0 / शिकायत / 5093 / 2023 / जगदलपुर, दिनांक : 20 / 12 / 2023

प्रति,

(1) मुख्य पुलिस अधीक्षक,
जगदलपुर, जिला बस्तर।

(2) थाना प्रभारी,
जगदलपुर, जिला बस्तर।

विषयः— आदिवासी विकास शाखा के तहत् जारी पात्र अपात्र सूची से फर्जी कॉल की सूचना बाबत्।

संदर्भः— चितेश्वर सेठिया एवं अन्य से प्राप्त आवेदन पत्र दिनांक 15.12.2023

——00——

उपरोक्त विषयान्तर्गत विभाग द्वारा डाटा एंट्री आपरेटर की पात्र अपात्र सूची जारी की गई है, जिसमें कई अभ्यर्थियों को अलग–अलग मोबाईल नम्बर से नौकरी दिलाने हेतु पैसे की डिमांड की जा रही है, जिसकी शिकायत इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। सुलभ संदर्भ हेतु शिकायत पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया शिकायत पत्र में उल्लेखित मोबाईल नम्बर के व्यक्ति के संबंध में जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास जगदलपुर

E:\ANUDAN...

शिकायत

दिनांक – 15.12.2023

कार्यालय जिलाध्यक्ष बस्तर जिला जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)
15 DEC 2023

प्रति,

कार्यालय कलेक्टर
आदिवासी विकास शाखा
जिला बस्तर जगदलपुर

विषयः– आदिवासी विकास शाखा के तहत जारी पात्र अपात्र सूची से फर्जी कॉल की सूचना बाबत्।

संदर्भ :– कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर आदिवासी विकास शाखा का विज्ञापन क्रं. 2336 /2023–24 जगदलपुर दिनांक 15.05.2023।

4257
15/12/23

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको अवगत कराना चाहते है कि, डाटा एंट्री ऑपरेटर की पात्र–अपात्र सूची 12.12.2023 को Portal पर जारी की गई है, जिसके पश्चात् अलग–अलग मोबाईल नं. (जैसे – 6290458051, 7044790291) के माध्यम से कई अभ्यर्थियों को सम्पर्क कर अपात्र सूची से पात्र कर स्टाफ कोटे से नौकरी दिलाने तथा तत्काल में पैसे की डिमांड की जा रही है, जबकी विज्ञापन अनुसार इस प्रकार के कोटे का उल्लेख नहीं है।

अतः उपरोक्त तथ्यों को संज्ञान में रखते हुए उचित एवं आवश्यक कार्यवाही की जाए ताकि अभ्यर्थियों को ठगी के शिकार से बचाया जा सकें।

धन्यवाद।

आवश्यक कार्यवाही हेतु CSP बात करें

15/12

प्रार्थी
चितेश्वर सेठिया
अरविंद यादव
राजकुमार
गोपाल कश्यप
चन्द्रभान यादव
शरदचंद्र शर्मा